उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 04.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

उत्तर प्रदेश पुलिस

## मिशन शक्ति अभियान-5 के तहत जनपद के समस्त थानों में गठित एण्टी रोमियों टीमों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त कर शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरुक किया गया-

“मिशन शक्ति अभियान फेज - 5.0” व “शक्ति दीदी” अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 04.10.2024 को जनपद के प्रत्येक थाने में गठित मिशन शक्ति/एण्टीरोमियों पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थान एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न अपराध जैसे- सार्वजनिक स्थलो में छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं/अपराधओं को रोकने के लिये एवं ऐसे अपराधों के प्रति आवाज उठाने के लिये उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया।

इस दौरान उनकी सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, महिला हेल्प लाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 इत्यादि के बारे में जानकारियां प्रदान की गई । इस दौरान सभी को अवगत कराया गया कि सभी थानों में उनकी सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा उनकी शिकायतें सुनी जाती हैं तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है ।




@MahobaPolice

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.10.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 04.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह भी मौजूद रहीं।






## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच साप्ताहिक शुक्रवार के परेड की सलामी ली गई, आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत वैपन हैण्डलिंग का अभ्यास कराते हुए, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-


आज दिनांकः- 04.10.2024 को श्री पलाश बंसल, पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के निरीक्षण के उपरान्त जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तत्पश्चात परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनायें रखने के लिए ड्रिल करायी गयी। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने व प्रतिकूल परिस्थितियों के दृष्टिगत अधि0/कर्म0 को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर वैपन हैंडलिंग व बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

शुक्रवार की साप्ताहिक परेड के उपरान्त डायल-112 पीआरवी वाहनों व थानों के वाहनों को चेक किया गया तथा उपकरणों के रख रखाव हेतु व वाहनों में मौजूद किट से घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराते हुए निरीक्षण किया गया एवं दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता को बनायें रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इसी क्रम में पुलिस लाइन मेस/भोजनालय का भ्रमण कर पुलिस जवानों को प्रदान किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा गया साथ ही पुलिस बैरक, स्नानागार, शौचालय इत्यादि का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को पुलिस लाइन परिसर में उच्च कोटि की साफ-सफाई बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स/नगर दीपक दूबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, वाचक सन्तोष दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक अरविन्द सिंह गौर सहित समस्त थानों के प्रभारी एवं सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।






# महोबा पुलिस



## थाना अजनर की पुलिस टीम ने चोरी की 02 घटनाओं का किया सफल अनावरण, चोरी के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की गई सम्पत्ति सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस की बरामदगी करते हुए अभियुक्तों को जेल भेजा गया-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के रोकथाम/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 04.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 हरीशंकर यादव व प्रशि0उ0नि0 अभिषेक कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अजनर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 204/24 धारा 379/506 IPC व मु0अ0सं0 206/2024 धारा 303(2) BNS से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त आशीष दुबे पुत्र बसन्त दुबे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम व थाना अजनर जनपद महोबा को ग्राम अजनर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से 01 अदद मोटर साइकिल प्लेटिना संबंधित मु0अ0सं0 204/24 धारा 379/506 IPC व 01 अदद ई रिक्शा चार्जर संबंधित मु0अ0सं0 206/2024 धारा 303(2) BNS एवं अभियुक्त की जामातलाशी से 01 अदद तमंचा 312 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 312 बोर नाजायज बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी के माल की बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0स0 204/24 धारा 379/506 IPC में 411 IPC की बढ़ोत्तरी व मु0अ0स0 206/24 धारा 303(2) BNS में 317(2) BNS की बढ़ोत्तरी की गई तथा अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे से हुई अवैध शस्त्र की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अजनर पर मु.अ.सं. 219/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 हरीशंकर यादव 2. उ0नि0 अभिषेक कुमार
3. कां0 रामकुमार तिवारी 4. कां0 तुषार सिंह

### बरामदगी व पंजीकृत अभियोग –

एक अदद मोटर साइकिल प्लेटिना संबंधित मु0अ0सं0 204/24 धारा 379/506/411 **IPC** , एक अदद ई रिक्शा चार्जर संबंधित मु0अ0सं0 206/2024 धारा 303(2)/317(2) **BNS** एवं 01 अदद नाजायज तमंचा 312 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 312 बोर सील सर्व मोहर सम्बन्धित मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट।

### गिरफ्तार अभियुक्त आशीष दुबे पुत्र बसन्त दुबे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम व थाना अजनर जनपद महोबा का आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0स0 154/2021 धारा 379/411 भादवि0 थाना अजनर जनपद महोबा।
2. मु0अ0सं0 204/24 धारा 379/506/411 भादवि0 थाना अजनर जनपद महोबा।
3. मु0अ0सं0 206/24 धारा 303(2)/317(2) **BNS** थाना अजनर जनपद महोबा।
4. मु0अ0सं0 219/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अजनर जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 04.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 04.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 शिवदान सिंह मय हमराह कां0 आशीष सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना अजनर में पंजीकृत मु0अ0स0 184/2024 धारा 137(2)/87/64 BNS व धारा 4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त प्रिंस अहिरवार पुत्र मनोहर अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नोंटा थाना उल्दन जनपद झाँसी को बिजौरी बार्डर उ0प्र0 व म0प्र0 सीमा गेट के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1 उ0नि0 शिवदान सिंह
2. कां0 आशीष सरोज

## गिरफ्तार अभियुक्त-

प्रिंस अहिरवार पुत्र मनोहर अहिरवार उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नोंटा थाना उल्दन जनपद झाँसी

